

# भाजपा का कार्यकर्ता ही संगठन की असली पूंजी : जसवंत

## शिवपुरी जिले के सभी मंडलो में चल रहे हैं प्रशिक्षण महा अभियान वर्ग




नवभारत न्यूज

**शिवपुरी, 31 मार्च।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश नेतृत्व के निर्देश अनुसार शिवपुरी जिले की पांचो विधानसभा क्षेत्र के सभी मंडलो में दो दिवसीय पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान 2026 दिनांक 30 मार्च से 10 अप्रैल तक चलाया जा रहा हैं। आज शिवपुरी विधानसभा के सभी मंडलो में प्रशिक्षण महाभियान का शुभारम्भ भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष जसवंत जाटव, शिवपुरी विधायक देवेन्द्र जैन, पूर्व विधायक नरेंद्र बिरथरे एवं ओम प्रकाश खटीक ने किया।

शिवपुरी नगर के तीनो मंडलो का प्रशिक्षण अभियान फिजिकल मंडल का गिर्राज मैरिज वाटिका, पुरानी शिवपुरी मंडल का सगुन वाटिका एवं नगर मंडल का मिलन वाटिका में हो रहा हैं। भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष जसवंत जाटव ने प्रशिक्षण महा अभियान के बारे में बताया कि भाजपा का कार्यकर्त्ता ही संगठन की असली पूंजी हैं कार्यकर्त्तायों के दम पर ही हम आज देश में सबसे बड़ी पार्टी है जिला अध्यक्ष ने कहा की सबका साथ,सबका विकास और सबका विश्वास की भावना को लेकर भाजपा कार्य कर रही हैं पंडित दीनदयाल जी की भावना के अनुरूप यह अभियान संगठन को और अधिक मजबूती देगा, कार्यकर्तायों में राष्ट्र सेवा और नव संचार की दिशा में यह अत्यंत सहायक सिद्ध होगा।

जिलाध्यक्ष श्री जाटव ने बताया की इस दो दिवसीय वर्ग में कार्य विस्तार, वैचारिक अधिष्ठान, भाजपा का इतिहास, बूथ प्रबंधन एवं मन की बात,सोशल मीडिया एवं एआई, नमो एप, केंद्र एवं राज्य सरकार की योजनाओं एवं उपलब्धि पर चर्चा की जाएगी। श्री जाटव ने कहा की 25 वक्ता जिसमे हरवीर सिंह रघुवंशी, योगेंद्र रघुवंशी, राम स्वरूप रावत, धैर्य वर्धन शर्मा, जंडेल सिंह गुर्जर, अरविन्द बेडर, हेमंत ओझा, गायत्री शर्मा, नेहा यादव, मनीष अग्रवाल, विपिन खेमरिया, मुकेश चौहान, निर्दोष गोयल, गगन खटीक, सुशील रघुवंशी, सोनू बिरथरे, लवलेश जैन, प्रहलाद भारती, गोपाल पाल, नवनीत सेन, भानु जैन, अशोक खंडेलवाल, पूनम राजोरिया और वेदांश सविता विभिन्न विषयो पर प्रशिक्षण देंगे। भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष जसवंत जाटव ने कहा की कार्यकर्त्तायों का उत्साह और अनुशासन संगठन के प्रति अटूट निष्ठा एवं राष्ट्र निर्माण के प्रति उनका समर्पण वास्तव में प्रेरणादायी हैं ऐसे प्रशिक्षण अभियान न केवल कार्यकर्ताओं की वैचारिक एवं संगठन क्षमता को मजबूत करते हैं और संगठन को नई दिशा और ऊर्जा एवं गति प्रदान करते हैं।

# राशन न मिलने पर महिलाओं का कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन

## सेल्समैन पर अभद्रता और वितरण न करने का आरोप



नवभारत न्यूज

**शिवपुरी, 31 मार्च।** शहर के वार्ड क्रमांक 30 और 32 की महिलाओं ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट पहुंचकर राशन न मिलने की शिकायत दर्ज कराई। पार्षद कमलकिशन शाक्य के नेतृत्व में पहुंचीं महिलाओं ने प्रशासन से जल्द राशन वितरण की मांग की है।

पार्षद कमलकिशन शाक्य ने आरोप लगाया कि पिछले लगभग एक साल से वार्ड के लोगों को राशन के लिए परेशान किया जा रहा है। पहले वार्ड 30 के उपभोक्ताओं को वार्ड 32 की राशन दुकान से खाद्यान्न मिलता था। पार्षद के अनुसार, दुकान पर महीने में केवल तीन दिन ही राशन वितरण होता है, जिससे मजदूरी करने वाले कई परिवारों को समय पर खाद्यान्न नहीं मिल पा रहा है। यह व्यवस्था वार्ड 32 की राशन दुकान पर लगभग 250 क्विंटल अनाज के गबन का मामला सामने आने के बाद बदली गई थी। घोटाले के बाद प्रशासन ने दुकान बंद कर दी थी और वार्ड 30 तथा 32 के हितग्राहियों को वार्ड 34 की दुकान से राशन लेने के निर्देश दिए गए थे। हालांकि, पार्षद कमलकिशन शाक्य का आरोप है कि वार्ड 34 की राशन दुकान के सेल्समैन सुनील राठौर द्वारा वार्ड 30 और 32 के लोगों को राशन नहीं दिया जा रहा है। इसके अतिरिक्त, सेल्समैन पर महिलाओं के साथ अभद्र व्यवहार करने की शिकायतें भी सामने आई हैं। पार्षद ने इस संबंध में तहसीलदार से भी चर्चा की थी, जिन्होंने सोमवार से राशन वितरण शुरू कराने का आश्वासन दिया था। लेकिन तय दिन पर भी राशन वितरण शुरू नहीं हुआ, जिसके बाद नाराज होकर महिलाएं और उनके परिवारजन कलेक्ट्रेट पहुंचे। प्रदर्शन में शामिल महिलाओं ने आरोप लगाया कि वार्ड 34 की दुकान से राशन मांगने पर सेल्समैन सुनील राठौर ने उनके राशन कार्ड फेंक दिए और उनके साथ दुर्व्यवहार किया। पार्षद कमलकिशन शाक्य ने कहा कि जिन लोगों ने घोटाला किया है, उन पर कार्रवाई होनी चाहिए, लेकिन इसका खामियाजा गरीब परिवारों को नहीं भुगतना चाहिए। उन्होंने सभी पात्र हितग्राहियों को जल्द से जल्द राशन उपलब्ध कराने की मांग की है।

# जनसुनवाई में शराब दुकान का विरोध,पानी, मारपीट और दहेज प्रताड़ना के मामले भी सामने आए



नवभारत न्यूज

**शिवपुरी, 31 मार्च।** जिला मुख्यालय पर मंगलवार को आयोजित जनसुनवाई में आवासीय क्षेत्र में शराब दुकान खोले जाने का मुद्दा प्रमुख रहा। वार्ड-11, थाना कोतवाली क्षेत्र के रहवासी मीना राय सहित बड़ी संख्या में लोग कलेक्टर और एसपी कार्यालय पहुंचे। उन्होंने फतेहपुर चौराहा के पास घरों से सटकर खोली जा रही शराब दुकान का विरोध किया।

रहवासियों का कहना है कि इससे क्षेत्र का माहौल खराब होगा, महिलाओं और बच्चों की सुरक्षा खतरे में पड़ेगी और असामाजिक तत्वों की आवाजाही बढ़ेगी। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि दुकान नहीं हटाई गई तो उग्र आंदोलन किया जाएगा। इसी जनसुनवाई में ग्राम सेमरी के ग्रामीणों ने सरपंच कृष्णा गुर्जर (पत्नी रविंद्र गुर्जर) के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई। ग्रामीणों का आरोप है कि विधायक निधि से स्वीकृत हैंडपंप को सार्वजनिक स्थान पर लगाने के बजाय सरपंच ने अपनी निजी जमीन में लगवा लिया है। इससे जाटव और आदिवासी मोहल्ले के लोगों को आज भी दूर से पानी लाना पड़ रहा है। ख्यावदा निवासी बहादुर परिहार ने अपनी बेटी मिथलेश परिहार के साथ हुई गंभीर मारपीट का मामला उठाया। उन्होंने आरोप लगाया कि दामाद चरत परिहार, सास कमला परिहार और ससुर चंदन परिहार ने नशे की हालत में उनकी बेटी के साथ बेरहमी से मारपीट की, जिससे उसे गंभीर चोटें आईं। परिहार ने बताया कि पुलिस द्वारा अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। वहीं, शिवपुरी निवासी एकता खत्री ने अपने पति विकास खत्री के खिलाफ दहेज प्रताड़ना, मारपीट और घर से निकालने की शिकायत की। उन्होंने बताया कि पति द्वारा लगातार प्रताड़ित किए जाने के कारण वह बच्चों के साथ किराए के मकान में रहने को मजबूर हैं और उनके पास भरण-पोषण का कोई साधन नहीं है। जनसुनवाई में उपस्थित अधिकारियों ने सभी शिकायतों को गंभीरता से सुना। उन्होंने संबंधित विभागों को जांच कर आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं।

# जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत नि : शुल्क जल प्याऊ का शुभारंभ



नवभारत न्यूज

**पोहरी,31मार्च।** जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत विकासखंड पोहरी के सेक्टर 03 छर्च क्षेत्र में सराहनीय पहल की गई। बमरा से सालोदा रोड स्थित सरजापुर चौपाल पर नि:शुल्क जल प्याऊ का शुभारंभ किया गया, जिससे राहगीरों एवं ग्रामीणों को भीषण गर्मी में राहत मिलेगी।

यह पहल नवांकुर संस्था, सूर्योदय वेलफेयर सोसाइटी तथा ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति के संयुक्त प्रयास से की गई। कार्यक्रम में संस्था अध्यक्ष संतोष कुमार शर्मा एवं प्रस्फुटन समिति अध्यक्ष आसाराम कुशवाह सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे। ग्रामीणों ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि गर्मी के मौसम में इस तरह की व्यवस्था अत्यंत उपयोगी साबित होगी। साथ ही जल संरक्षण और जनसेवा के प्रति जागरूकता बढ़ाने में भी यह अभियान महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।

# फिजीकल पुलिस ने नकबजनी के स्थायी वारंटी को किया गिरफ्तार

नवभारत न्यूज

**शिवपुरी,31मार्च।** अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना फिजीकल पुलिस ने नकबजनी के मामले में लंबे समय से फरार चल रहे स्थायी वारंटी सुरेश शाक्य को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया है। पुलिस अधीक्षक अमन सिंह राठौड़ के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संजीव मुले एवं सीएसपी शिवपुरी संजय चतुर्वेदी के मार्गदर्शन में 29 मार्च को कॉम्बिंग गश्त के दौरान यह कार्रवाई की गई। पुलिस टीम ने धारा 457, 380 भादवि के प्रकरण में फरार आरोपी सुरेश शाक्य पुत्र प्रहलाद शाक्य निवासी खटीक मोहल्ला को धर दबोचा। बताया जा रहा है कि आरोपी लंबे समय से पुलिस की पकड़ से बाहर था और उसके खिलाफ स्थायी वारंट जारी था। पुलिस की सतर्कता और लगातार दबिश के चलते आखिरकार आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया। उक्त कार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक नम्रता भदौरिया के नेतृत्व में उपनिरीक्षक नारायण सिंह, आरक्षक प्रेम सिंह, गिर्राज वघेल, महिला आरक्षक अपर्णा, सैनिक मनोज शर्मा एवं चालक आरक्षक शरद यादव की सराहनीय भूमिका रही।

# दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार,शादी का झांसा देकर भगाया था

नवभारत न्यूज

**शिवपुरी,31मार्च।** जिले के सिरसौद थाना क्षेत्र में एक नाबालिग लड़की से दुष्कर्म के आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी ने 14 वर्षीय पीड़िता को शादी का झांसा देकर भगाया था। पुलिस जांच में दुष्कर्म की पुष्टि हुई है।

सिरसौद थाना प्रभारी मुकेश दुबौलिया ने बताया कि 28 मार्च को पीड़िता के परिजनों ने थाने में शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत के अनुसार, 24 मार्च को एक अज्ञात व्यक्ति उनकी 14 वर्षीय बेटी को बहला-फुसलाकर भगा ले गया था। इस पर थाना सिरसौद में अपराध क्रमांक 87/2026, धारा 137(2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया गया था। मामले की गंभीरता को देखते हुए, शिवपुरी पुलिस अधीक्षक अमन सिंह राठौड़ ने सिरसौद थाना प्रभारी उपनिरीक्षक मुकेश दुबौलिया को नाबालिग की तलाश के लिए एक टीम गठित करने का निर्देश दिया। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संजीव मुले और एसडीओपी पोहरी आनंद राय के मार्गदर्शन में, टीम ने मुखबिर तंत्र को सक्रिय किया और अपहृता की तलाश में विभिन्न स्थानों पर लगातार दबिश दी। इसी अभियान के तहत, नाबालिग पीड़िता को आरोपी के कब्जे से दतिया जिले के सेवढ़ा से सुरक्षित बरामद किया गया। पीड़िता ने पूछताछ में बताया कि आरोपी ने उसे शादी का झांसा देकर दुष्कर्म किया।

# हनुमान जयंती पर होगा भंडारे का आयोजन



नवभारत न्यूज

**बदरवास,31मार्च।** प्रति वर्ष की भांति इस बार भी मेहंदीपुर बालाजी धाम बारई पर हनुमान जयंती के पावन अवसर पर भंडारे का आयोजन किया जा रहा है ज्ञात हो कि हर वर्ष भंडारे का आयोजन किया जाता है यह आयोजन सुदर्शन मायवाड, विपिन कुमार त्यागी, संदीप श्रीवास्तव के द्वारा करवाया जा रहा हैं जहां 1 अप्रैल को अखंड रामायण का पाठ शुरू होगा, दूसरे दिन 2 अप्रैल को हनुमान जन्मोत्सव पर हवन पूजन के बाद भंडारा रखा गया हैं जो की शाम तक चलेगा। बालाजी मंदिर संचालक घनश्याम श्रीवास्तव ने सभी धर्म प्रेमी बंधुओं से भंडारे में प्रसाद ग्रहण करने का आग्रह किया है।

# मेंटेनेंस कार्य के चलते पोहरी क्षेत्र में 1 से 8 अप्रैल तक बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी

नवभारत न्यूज

**पोहरी,31मार्च।** मध्यप्रदेश मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड, पोहरी प्रथम द्वारा मेंटेनेंस कार्य के चलते क्षेत्र के विभिन्न 11 केवी फीडरों पर निर्धारित तिथियों में विद्युत आपूर्ति बंद रखने का निर्णय लिया गया है। कंपनी ने आम उपभोक्ताओं को पूर्व सूचना देते हुए सहयोग की अपील की है। जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार 1 अप्रैल से 8 अप्रैल 2026 तक अलग-अलग सब-स्टेशनों से जुड़े क्षेत्रों में प्रतिदिन सुबह 6 बजे से 11 बजे तक बिजली सप्लाई बंद रहेगी। इस दौरान फीडरों पर आवश्यक सुधार एवं रखरखाव कार्य किया जाएगा, जिससे भविष्य में निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित की जा सके। बताया गया है कि 1 अप्रैल को राठखेड़ा क्षेत्र, 2 अप्रैल को परीछा, 3 अप्रैल को चकराना, 4 अप्रैल को झिरी, 5 अप्रैल को पोहरी शहर, 6 अप्रैल को सिरसौद (आकुर्सी), 7 अप्रैल को सिरसौद (परीछा मरोरा) एवं 8 अप्रैल को पोहरी (सिरसौद) फीडर से जुड़े गांवों में विद्युत प्रवाह बाधित रहेगा।

# मेढ़े पैर अब बनेंगे सीधे, क्लब फुट पर हाईटेक प्रशिक्षण



नवभारत न्यूज

**शिवपुरी, 31 मार्च।** एसआरबीएस मेडिकल कॉलेज में पीडियाट्रिक ऑर्थोपेडिक्स पर आयोजित एकदिवसीय सीएमई ने क्लब फुट (सीटीईवी) के इलाज को लेकर नई उम्मीद जगाई। अस्थि रोग विभाग की इस पहल में 40 से अधिक विशेषज्ञों, डॉक्टरों, नर्सिंग व पैरामेडिकल स्टाफ ने भाग लेकर आधुनिक तकनीकों का प्रशिक्षण लिया।

कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती पूजन एवं दीप प्रज्वलन से हुआ। मुख्य अतिथि प्रोफेसर एवं एचओडी डॉ. इला गुजरिया ने कहा कि ऐसे आयोजन चिकित्सा क्षेत्र में ज्ञान को व्यवहार में बदलने का माध्यम हैं। मुख्य वक्ता डॉ. पुष्प वर्धन मंडलेचा ने बताया कि क्लब फुट जन्मजात विकृति है, जो हर 1000 में 1-2 बच्चों को प्रभावित करती है। समय रहते उपचार शुरू हो जाए तो पोंसेटी कास्टिंग टेक्निक से 95 प्रतिशत से अधिक मामलों में बिना बड़ी सर्जरी के इलाज संभव है। उन्होंने अभिभावकों से नवजात के पैरों की तुरंत जांच कराने की अपील की।

अस्थि रोग विभागाध्यक्ष डॉ. पंकज शर्मा ने सीटीईवी की संरचना, प्रकार और उपचार प्रक्रिया पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि मेडिकल कॉलेज में प्रत्येक बुधवार को विशेष सीटीईवी क्लीनिक संचालित हो रहा है, जहां बच्चों का नि:शुल्क इलाज किया जा रहा है। साथ ही आत्मनिर्भर भारत के तहत चल रहे प्रोजेक्ट से ब्रेसिंग व फॉलोअप की सुविधा भी दी जा रही है। सीएमई की विशेषता रही लाइव वर्कशॉप, जिसमें डॉ. सोनेंद्र शर्मा, डॉ. निशांत वर्मा सहित टीम ने कास्टिंग व टेनोटॉमी का प्रैक्टिकल प्रशिक्षण दिया। कार्यक्रम अधिष्ठाता डॉ. डी. परमहंस व अधीक्षक डॉ. आशुतोष चोरिषि के मार्गदर्शन में सफल रहा, जबकि अनुष्का फाउंडेशन की सहभागिता उल्लेखनीय रही।

# स्टेट बार चुनाव, आहूजा संभाग से मजबूत दावेदार, अधिवक्ताओं का बढ़ता समर्थन



नवभारत न्यूज

**शिवपुरी, 31 मार्च।** मध्यप्रदेश स्टेट बार चुनाव को लेकर सरगर्मियां तेज हो गई हैं और इस बीच शिवपुरी जिले के सक्रिय एवं जनसंपर्क में अग्रणी अधिवक्ता पंकज आहूजा संभाग से एक मजबूत दावेदार के रूप में उभरकर सामने आए हैं। अधिवक्ता हितों को प्राथमिकता देते हुए वे लगातार जिले सहित संभाग भर में व्यापक जनसंपर्क अभियान चला रहे हैं।

एड. पंकज आहूजा द्वारा घर-घर और कोर्ट परिसरों में पहुंचकर अधिवक्ताओं से संवाद स्थापित किया जा रहा है, जिसमें उन्हें सकारात्मक प्रतिसाद मिल रहा है। उनके द्वारा बार एसोसिएशन को सशक्त, पारदर्शी और अधिवक्ता-केंद्रित बनाने का विजन प्रस्तुत किया जा रहा है, जिसे अधिवक्ताओं का समर्थन भी मिल रहा है। आगामी 12 मई 2026 को होने वाले मध्यप्रदेश स्टेट बार चुनाव में प्रदेश कार्यकारिणी में स्थान बनाने के उद्देश्य से आहूजा लगातार सक्रिय हैं। वे अपने अनुभव, सक्रियता और संगठनात्मक क्षमता के बल पर प्रदेश स्तर पर प्रतिनिधित्व की मजबूत दावेदारी पेश कर रहे हैं। विशेष बात यह है कि जिला बार एसोसिएशन शिवपुरी का भी उन्हें पूर्ण समर्थन प्राप्त हो चुका है, जिससे उनकी स्थिति और मजबूत मानी जा रही है। अधिवक्ताओं के बीच बढ़ती लोकप्रियता और समर्थन को देखते हुए यह कहना गलत नहीं होगा कि एड. पंकज आहूजा इस चुनाव में संभाग का सशक्त चेहरा बनकर उभर रहे हैं।

# महंगाई और किसान मुद्दों पर कांग्रेस का प्रदर्शन




नवभारत न्यूज

**शिवपुरी, 31 मार्च।** जिले के करैरा में कांग्रेस पार्टी ने महंगाई और किसानों की समस्याओं को लेकर विरोध प्रदर्शन किया। कार्यकर्ताओं ने गैस सिलेंडर, पेट्रोल-डीजल और बिजली दरों में बढ़ोतरी के खिलाफ नारेबाजी करते हुए राष्ट्रपति के नाम अनुविभागीय अधिकारी को ज्ञापन सौंपा।

कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाया कि रसोई गैस की आपूर्ति अनियमित है, जिससे आम जनता पर आर्थिक बोझ बढ़ गया है। साथ ही स्मार्ट मीटर के बाद बढ़े बिजली बिल और दरों में वृद्धि पर भी नाराजगी जताई गई। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि इस समय खेती का काम चरम पर है, लेकिन डीजल-पेट्रोल की कमी के कारण किसानों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने ईंधन की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने की मांग की। करैरा में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ने धरना-प्रदर्शन कर ज्ञापन सौंपा। ब्लॉक अध्यक्ष मुकद्दर खान ने कहा कि गैस और बिजली की बढ़ती कीमतों ने आम लोगों का जीवन मुश्किल कर दिया है। बेमौसम बारिश और ओलावृष्टि से फसलों को हुए नुकसान का मुद्दा उठाते हुए कांग्रेस ने प्रभावित किसानों को शीघ्र मुआवजा देने की मांग की। पार्टी ने चेतावनी दी कि समस्याओं का समाधान नहीं हुआ तो उग्र आंदोलन किया जाएगा।

# सन्यास दीक्षा महोत्सव ,31वां ओशो ध्यान शिविर का भाव-विभोर माहौल में हुआ समापन

नवभारत न्यूज

**शिवपुरी, 31 मार्च।** तीन दिवसीय 31वां ओशो ध्यान साधना शिविर मंगलवार को संन्यास दीक्षा महोत्सव के साथ आध्यात्मिक उत्साह और परमानंद के माहौल में संपन्न हुआ। समापन अवसर पर 10 ओशो प्रेमियों ने संन्यास दीक्षा ली, जबकि 4 साधकों ने माला धारण कर ओशो मार्ग पर आगे बढ़ने का संकल्प लिया।

रातौर रोड स्थित शिव रिसोर्ट में 28 मार्च से प्रारंभ हुए इस शिविर का संचालन मधुवन ओशो आश्रम चांपा (छत्तीसगढ़) के विश्व विख्यात स्वामी आनंद एकांत ने किया। शिविर में शिवपुरी सहित देशभर से आए 226 ओशो प्रेमियों ने सक्रिय ध्यान, नृत्य ध्यान, साधना और ओशो देशना में भाग लेकर आध्यात्मिक ऊर्जा का अनुभव किया। 29 और 30 मार्च को प्रात: 6 बजे से रात्रि 10:30 बजे तक ध्यान सत्रों के साथ



जोरबा द बुद्धा शैली की सांस्कृतिक प्रस्तुतियों में गीत, संगीत, काव्य और हास्य की रंगीन झलक देखने को मिली। पूल पार्टी में भी साधकों ने नृत्य ध्यान के माध्यम से अनूठा अनुभव प्राप्त किया। समापन दिवस 31 मार्च को सुबह सक्रिय ध्यान के बाद दोपहर 1:30 बजे संन्यास दीक्षा महोत्सव आयोजित हुआ। इस दौरान साधक ओशो की देशना, फूलों की होली और ऊर्जा से भरपूर नृत्य ध्यान में पूरी तरह लीन नजर आए। ओशो परिवार के स्वामी निखिल आनंद गोपाल जी स्वयं संगम ने संचालक स्वामी आनंद एकांत, प्रमुख सहयोगी स्वामी देशबंधु राजकुमार विंदल और शिव रिसोर्ट के संचालक मोनू भगवती का पुष्पहार से सम्मान किया। अंत में स्वामी कृष्ण आनंद डॉ. भूपेंद्र विकल ने सभी 226 प्रतिभागियों, ओशो प्रेमियों, पत्रकारों व सहयोगियों का आभार व्यक्त किया।